सार-समाचार

नागरिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

रतनगढ़ (निसं)। राजकीय जिला अस्पताल रतनगढ़ में चिकित्सकों द्वारा नियमों के विपरीत परामर्श शुल्क वसूले जाने के आरोपों को लेकर नागरिकों का आक्रोश सामने आया है। इस संबंध में आमजन की ओर से जिला कलेक्टर चूरू को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में कथित अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि राज्य सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में नि:शुल्क अथवा निर्धारित शुल्क पर उपचार की व्यवस्था होने के बावजूद रतनगढ़ जिला अस्पताल में कुछ चिकित्सक मरीजों से मनमर्जी से 200 रुपये तक परामर्श शुल्क वसूल रहे हैं। इस शुल्क की न तो मरीजों को रसीद दी जा रही है और न ही निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है, जिससे आमजन को आर्थिक व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टरों की योग्यता के अनुसार तय परामर्श शुल्क की सूची न तो चिकित्सकों के सरकारी आवासों और नेम प्लेट के पास प्रदर्शित की गई है और न ही इसकी जानकारी मरीजों को दी जा रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत की गई तो जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई।नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ चिकित्सक अपने सरकारी आवासों पर निजी रूप से मरीजों को बैठाकर इलाज कर रहे हैं तथा उन्हें निजी लैब, मेडिकल स्टोर एवं ऑप्टिकल उपकरणों की ओर भेजा जा रहा है, जो सरकारी नियमों के खिलाफ है। वहीं शहर में संचालित कई डायग्नोस्टिक सेंटर बिना पंजीकरण और मापदंडों के संचालित हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में खींवराज पुरोहित, सुभाष कम्मा, भंवरलाल चौधरी, राकेश, रामचंद्र शर्मा, गिगराज, विशाल स्वामी, आफिद खान, देवी सिंह, आत्माराम सहित अन्य नागरिकों के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

रक्तदान शिविर लगाया

चूरू (निसं)। पूर्व पार्षद भंवरू खां की दूसरी पुण्यतिथि पर रविवार को उनके बेटे अजीज खान ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शहर के वार्ड 58 में आयोजित इस शिविर में 375 से अधिक युवाओं ने शाम चार बजे तक रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन विधायक हरलाल सहारण, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार व भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. हुसैन व डीएसपी इस्माइल खां ने किया। युवाओं ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधायक हरलाल सहारण ने भंवरू खां को नेक, ईमानदार और मेहनतकश व्यक्ति बताया, जिनका जीवन मानव सेवा को समर्पित था। शिविर संयोजक अजीज खान ने बताया कि उनके पिता ने अपना पूरा जीवन पीडित मानव की सेवा में लगाया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने कहा कि पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होंने अजीज खान के इस कार्य को बेटे का धर्म निभाने जैसा बताया। डीबी अस्पताल की टीम ने शिविर में रक्त संग्रह किया। विधायक सहारण ने रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान, अनीश मौलाना, अलाऊदीन, लियाक़त खां, अल्लादीन खां, पूर्व पार्षद नजमा बानो, पार्षद तौफीक खान, शाहरूक खान सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद थे।

कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिले

चूरू (कासं)। स्थानीय सोती भवन में विप्र फाउंडेशन ईकाई चूरू के तत्वावधान में फतेहपुर निवासी गोस्वामी परिवार के आर्थिक सौजन्य से रविवार को कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा की प्रेरणा से आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों को बांटे गए कम्बल वितरण समारोह के विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष शम्भू दयाल शर्मा, तहसील अध्यक्ष श्रीराम पीपलवा, वयोवृद्ध समाज सेवी फतेहचंद सोती, शिक्षाविद् बाबूलाल शर्मा, संरक्षक योगेश गौड, मचस्थ थे। विप्र फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी डॉ श्रवण शर्मा ने बताया कि अतिथियो ने सामूहिक रूप से 150 से अधिक आर्थिक रूप से कमज़ोर जरूरतमंद परिवारों को कम्बल बांटे। जिसको लेकर ज़रूरत मंद परिवार में खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने विचार व्यक्त कर विप्र फाउंडेशन व गोस्वामी परिवार का आभार जताया। किशन गोस्वामी बंगाल के विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष हैं जिनके द्वारा ज़िले भर में 450 कम्बल बांटी गई है। इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश नवहाल, प्रमेंद्र शर्मा, हनुमान माटोलिया, सुरेश चोटियां, अनिल दाधीच, नरेन्द्र काछवाल रवि दाधीच महेश मिश्रा, कालूराम महर्षि, दिनेश शर्मा, जयप्रकाश सेवदा, विमल जोशी, महेंद्र चोबे, जगदीश चोटियां, पवन पीपलवा कमल बोर्चीवाल पुनीत लाटा राजेंद्र पारीक, अनिल रूंथला सहित विप्र समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खाटूधाम में स्वच्छता महोत्सव मनाया

सीकर (निसं)। सीकर जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर एवं तोरणद्वार क्षेत्र में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिशाषी अधिकारी ओमप्रकाश ने जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से विकसित होने वाली जीवनशैली है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त नगर और साफ-सुथरे सार्वजनिक स्थलों का संदेश दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता शपथ, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया, कनिष्ठ लिपिक विजयपाल सिंह, राजेंद्र वर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला कृषकों का दल प्रशिक्षण के लिए रवाना

सीकर (निसं)। बजट घोषणा के अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए महिला कृषकों के एक दल को रविवार को सीकर से वाई. एस. परमार विश्वविद्यालय, सोलन (हिमाचल प्रदेश) के लिए रवाना किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिला कृषकों द्वारा उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं प्रबंधन से संबंधित आधुनिक तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया जाएगा, जिससे उनकी कृषि दक्षता एवं आयवर्धन में वृद्धि हो सकेगी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक कृषि, सीकर एवं परियोजना निदेशक आत्मा, सीकर प्रिया झाझड़िया द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण दल को रवाना किया गया। उन्होंने महिला कृषकों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने एवं अर्जित ज्ञान को अपने-अपने क्षेत्र में व्यवहार में लाने का आव्हान किया।

गीता ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

चूरू (निसं)। भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन द्वारा चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता ज्ञान की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जिन बच्चों ने 5 श्लोक सुनाए, उन्हें सरल गीता प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। माधुरी शर्मा ने बच्चों को पंचामृत पांच श्लोक सरल गीता का पाठ करवाया। जनार्दन आचार्य ने बच्चों को गीता की प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी दी। ममता शर्मा और विजयलक्ष्मी शर्मा ने कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि रोज नए बच्चे उत्साह के साथ आ रहे हैं और जो बच्चे नियमित नहीं आ पा रहे हैं। वे यहां से पुस्तक लेकर घर पर स्वाध्याय कर रहे हैं।

शिक्षक झुरिया का स्वागत किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा लक्ष्मनगढ की ओर से राजकीय सेवा कार्य सफलतापूर्वक करने पर सेवानिवृत्त हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारण की नाऊ के शिक्षक भंवर सिंह झुरिया का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला संघर्ष समिति के संयोजक रामावतार फगेडिया, अध्यक्ष महेश कुमार गढ़वाल पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह डोटासरा, सुरेंद्र सिंह पूनिया, मंत्री दिनेश बगड़िया, सदस्य ओमप्रकाश सर्वा, संदीप जांगिड आदि मौजूद थे।

शिव महापुराण कथा आज से

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय कारूंडिया रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार से आगामी सात दिवस तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। जिसका शुभारंभ सोमवार को सुबह सवा नौ बजे स्थानीय मोदी रोड स्थित सालासर बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाल कर होगा। कथा का वाचन व्यासपीठ से दीपक शुक्ला अपने मुखारबिंद से करेंगे। कथा का समय हर दिन दोपहर डेढ से शाम व साढ़े चार बजे तक का रखा गया है।

स्वच्छता के संस्कार विकसित कर रही डबल इंजन सरकार : सहारण

चूरू (निसं)। राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय स्थित चूरू चौपाटी में स्वच्छता अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया तथा स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वच्छता रैली ने चूरू चौपाटी से सर्किट हाउस तक 'स्वच्छ चूरू-स्वस्थ चूरू' का संदेश दिया। इस दौरान चूरू विधानसभा क्षेत्रा के लिए चल रहे 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम आधारित विकास रथ ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार स्वच्छता के संस्कार विकसित कर रही है। प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत' के विजन के साथ मुख्यमंत्रा भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राजस्थान को स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ परिवेश से ही स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि चूरू जिले में प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों की सौगात दी है।

प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि स्वच्छता अभियान जनभागीदारी से ही सफल हो सकता है। इसलिए स्वच्छता हमारी आदतों में शामिल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन के साथ हम सभी विकसित प्रदेश का संकल्प साकार करें। चूरू जिले में नगरनिकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर ने सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। वासुदेव चावला ने कहा कि हमें स्वच्छता की आदतों का विकास करना होगा, तभी इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पूरा होगा। प्रत्येक नागरिक अपनी भागीदारी से स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करें। सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें और कचरे का पृथक्करण कर निस्तारण में सहयोग करें।

बसंत शर्मा ने कहा कि स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने स्वच्छता अभियान और चूरू नगरपरिषद के कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, विमला गढ़वाल ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सुशील लाटा, सीपी शर्मा, मोहन गढवाल, नरेन्द्र काछवाल, नरेन्द्र सैनी, असगर अली, उमेश, दीनदयाल सैनी, गोपाल बालाण, धर्मेन्द्र राकसिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

सीसी सड़क का शुभारम्भ

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने रविवार को शहर के वार्ड नंबर 45 में सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने पूर्व विधायक महर्षि एवं उपस्थित भाजपा नेताओं का पुष्पहार व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिनेश महर्षि ने कहा कि शहर में विकास कार्य जाति, धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर कराए जा रहे हैं। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है तथा सभी कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। महर्षि ने कहा कि वर्तमान समय में आवागमन के सुगम साधन होना अत्यंत आवश्यक है और सड़क निर्माण से वार्डवासियों को दैनिक आवाजाही में सुविधा मिलेगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सीकर (निसं)। कुम्हार कुमावत युवा समिति दांतारामगढ़ के तत्वावधान में प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगरपालिका दांता में 14 दिसंबर 2025 रविवार को गोविंदम मैरिज गार्डन दांता में सम्पन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता समाज सेवी भामाशाह भंवरलाल सिरस्वा दांता व मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में पशुपालन, डेयरी गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, अतिविशिष्ट अतिथि पद्म सुंडाराम जेठीवाल प्रगतिशील किसान, प्रहलाद राय टांक अध्यक्ष (राज्य मंत्री) श्रीयादे माटी कला बोर्ड, भाजपा नेता गजानंद पारमुवाल , नानुराम कुमावत प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा एम पी तथा विशिष्ट अतिथि राधेश्याम काम्यां अध्यक्ष कुम्हार कुमावत सामुहिक विवाह समिति सीकर, एडवोकेट सुरेन्द्र लांबा, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, मधु कुमावत पुर्व प्रदेश मंत्री भाजपा , विमला देवी नगरपालिका अध्यक्ष दांता, सुशीला कुमावत उपप्रधान दांतारामगढ़ व उपस्थित भामाशाहों ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता, श्रीयादे माता के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना के साथ की। वहीं मंच पर अतिथियों, भामाशाहों का साफा व शौल प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, राजकीय सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में चयनित समाज के विद्यार्थियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले अतिथियों व नवचयनित अधिकारियों ने कहा कि कुम्हार कुमावत युवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं के मनोबल आत्मविश्वास में वृद्धि होगी तथा सम्मानित होने से उन्हें और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि समाज को आगे बढ़ने के लिए अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाएं। समारोह में कक्षा 10, 12 स्नातक, स्नातकोत्तर तथा उच्च शिक्षा में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें भविष्य में कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आए समाज के उच्च पदों पर आसीन पदाधिकारियों आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरटीएस सहित अन्य वक्ताओं ने बच्चों को समय का सदुपयोग करते हुए निरंतर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सुशासन पखवाड़ा के जनसंपर्क कार्यक्रमों की श्रंखला शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजेंद्र भांबू द्वारा व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में आयोजित होंगे। कार्यक्रम के तहत विधायक भांबू आमजन से सीधा संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी देंगे तथा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 15 दिसंबर को आबूसर, नयासर, देरवाला एवं बीबासर से होगी। इसके पश्चात प्रतिदिन विभिन्न गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 16 दिसंबर को लालपुर, बुडाना, बगड, 17 दिसंबर को कासिमपुरा, जयपहाडी, इस्लामपुर, माखर, 18 दिसंबर को इण्डाली, प्रतापपुरा, भडौंदा कलां, खाजपुर नया, 19 दिसंबर को भामरवासी, सारी, झुंझुनूं, 20 दिसंबर को सोलाना, किशोरपुरा, केहरपुरा कलां, 21 दिसंबर को गोवला, चनाना, भुकाना, 22 दिसंबर को किठाना, सुलताना, गिडानिया, 23 दिसंबर को उदावास, कुलोद कलां, पुरोहितों की ढाणी, 24 दिसंबर को पातूसरी, बिशनपुरा, दोरासर तथा 25 दिसंबर को अजाडी कलां, बाकरा एवं बास नानग में जनसंपर्क कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

श्रमदान किया

सीकर, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को नगर परिषद सीकर द्वारा शहर के प्राचीन माधव सागर तालाब परिसर में स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा तथा पूर्व विधायक सीकर रतन जलधारी की उपस्थिति में जिला प्रशासन, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

सार-समाचार

इन्द्रचंद कंवल का स्वागत किया

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान सरकार के राजस्व मंडल, अजमेर द्वारा जारी तहसीलदार पदोन्नित सूची में रतनगढ़ निवासी इन्द्रचंद कंवल पुत्र स्वर्गीय गणेशाराम कंवल को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी से तहसीलदार पद पर पदोन्नत किए जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण बन गया। पदोन्नति की सूचना मिलते ही अधिकारियों, समाजबंधुओं एवं क्षेत्रवासियों ने दूरभाष सहित विभिन्न माध्यमों से उन्हें बधाइयां प्रेषित की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष में शनिवार को अंबेडकर नगर स्थित उनके निज निवास पर समाजबंधुओं द्वारा तहसीलदार इन्द्रचंद कंवल का साफा एवं माला पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया।उपखंड अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके इन्द्रचंद कंवल की इस पदोन्नति को समाज के प्रबुद्धजनों ने पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर तहसीलदार इन्द्रचंद कंवल ने कहा कि यह पदोन्नित उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा की बडी जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ करेंगे तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।जगदीश कंवल ने कहा कि इन्द्रचंद कंवल की सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज और रतनगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। समारोह में उपस्थित वक्ताओं एवं समाज के वरिष्ठजनों ने भी उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नंदलाल झाझड़िया, शिवकुमार तालणियां, बाबूलाल मंडीवाल, पूर्णमल दानोदिया, सुरेश तंवर, डॉ. शिवानी कंवल, सरोज, संजू देवी, नरेंद्र कुमार गुडानिया, बीएल प्रजापति, श्रवण कुमार, गौरव, अलका, शकुंतला कंवल, मनोज मंडार, एडवोकेट पंकज मंडार, पार्षद मनीष कंवल, संतोष कुमार सैनी, सुनील कंवल सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, सम्मान और सामाजिक एकता का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

सात दिवसीय विशेष शिविर शुभारंभ

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरूषोतम मिश्रा व्यवस्थापक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल ने देश के नवनिर्माण में युवा वर्ग की भूमिका विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। युवा वर्ग शिक्षित बन कर सामाजिक सेवा, सुधार, जागरूकता अभियान में सहयोग करें और हमारी प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ हिना अरोडा प्राचार्य गोयनका पब्लिक स्कूल ने महिला शिक्षा एवं सुरक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए बालिका शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष बल देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम सत्र की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अर्चना शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना को उच्च शिक्षा कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए व्यक्तित्व निर्माण एवं सामुदायिक सेवा व टीम भावना के लिए प्रेरित किया। इकाई प्रथम की प्रभारी रजनी जोशी ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं मंच संचालन किया। छात्राओं ने वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया। मोनिका महला ने पर्यावरण संरक्षण और मनीष पारीक ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ गायत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर विचार व्यक्त किए।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

चिड़ावा, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस एवं राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन पखवाड़े के अंतर्गत चिड़ावा शहर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 दिसंबर सोमवार को सुबह 10 बजे से हरिदास सेवा सदन स्वामी विवेकानंद चौक में आयोजित होगा। शिविर का संचालन पायल ब्लड बैंक चिडावा द्वारा किया जाएगा। आयोजन में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया तथा युवा नेता सुरेश भूकर प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। शिविर संयोजक सुरेश भूकर ने बताया कि रक्तदान को जीवनदान कहा जाता है, क्योंकि एक यूनिट रक्त तीन से अधिक जरूरतमंदों की जान बचा सकता है। इस आयोजन से सुशासन एवं सामाजिक सेवा की भावना को बल मिलेगा। आयोजन निमित बैठक में रमेश स्वामी, विकास पायल, पायल ब्लड बैंक ऑनर प्रदीप मान, अमित झाझड़िया, ओमप्रकाश वर्मा, प्रमोद डांगी, राजेश वर्मा, आमिर, आरिफ, खालिद, मनीष धाभाई, निशांत शर्मा, मुकेश नायक, रवि स्वामी, विक्की ठाकुर, आकाश योगी व जयसिंह मौजूद रहे।

जरूरतमंदों को कंबल बांटे

तारानगर (निसं)। सर्दी के मौसम को देखते हुए समाजसेवा की भावना के तहत तारानगर के उपभोक्ता समस्या निवारण के प्रदेशाध्यक्ष अमरसिँह चारण की प्रेरणा से उनके पुत्र गुरुकुल एज्यूकेशन ग्रुप के संचालक सुभाष चारण के सौजन्य से रविवार को कस्बे उपजिला अस्पताल एवं झुग्गी-पट्टी में रहने वाले जरूरतमंदों को गर्म कंबलों वितरित किये गए इसके साथ ही क्षेत्र की गोपाल गोशाला में गायों को गुड़ भी खिलाया गया। उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास मानवता की सच्ची मिसाल होते हैं और समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। डॉक्टर रघुवीर सिंह मील ने भी सर्दी के मौसम में इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

लायंस क्लब चूरू की चार्टर नाईट में सेवा का संकल्प गूंजा

चूरू (निसं)। स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में शनिवार रात्रि लायंस क्लब चूरू की चार्टर नाईट समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रान्तपाल लायन सुधीर वाजपेयी थे। कार्यक्रम के अति. विशिष्ट अतिथि सह प्रांतपाल प्रथम लायन डॉ. आशुतोष वशिष्ठ, सह प्रांतपाल द्वितीय लायन आर.एस. मदान, मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतपाल, लायन श्रवण केजरीवाल थे।

विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सचिव लायन बालकिशन राजगढ़िया, रीजन चैयरमेन डॉ. एन.एस. नरुका और जोन चेयरमैन चंद्रप्रकाश खत्री थे। पूर्व अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा, सचिव लायन संजीव कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष लायन आकाश सोनी व कार्यक्रम संयोजक लायन मुकुल सिगतिया मंचस्थ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। ध्वज वंदना सुनील रंजन टकणेत ने की। इस दौरान विश्व शान्ति हेतु मौन प्रार्थना कर राष्ट्रगान किया। क्लब के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा ने आगंतुक अतिथियों, क्लब के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। क्लब सचिव लायन संजीव वर्मा ने पिछले डेढ़ वर्षों में क्लब द्वारा समाज हित में किए गए सेवा कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में क्लब के आधार स्तंभ संस्थापक सदस्य लायन चंद्रशेखर अग्रवाल और डॉ. एस.एम. शर्मा का विशेष सम्मान किया गया।

स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में लायंस क्लब चूरू की चार्टर नाईट समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई।

समाज सेवा में निरंतर आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाह गौरीशंकर निर्मला देवी मंडावेवाला फाउंडेशन, गणेश गोयनका, शेरू गोयनका, मूलचंद बुगालिया, गुंजन राजगढिया फाउंडेशन, चंद्रशेखर अग्रवाल, हाकिम खान, अनवर खान, राजीव चाहर, रामचंद्र राजोतिया, बालकिशन राजगढिया, हुक्मीचंद लोहिया, महेश गोयनका, जाकिर कुरैशी, महेंद्र राजगढिया, डूंगरमल बजाज का सम्मान किया गया।

इसके अतिरिक्त सेवा गतिविधियों के संचालन हेतु नि:स्वार्थ भाव से स्थान उपलब्ध करवाने के लिए श्रीराम मंदिर, पार्वती भवन और दादू भवन के प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। इसी कड़ी में क्लब सेवा गतिविधियों हेतु सर्वाधिक धन संग्रह करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। इसी क्रम में बालकिशन राजगढिया ने सर्वाधिक उपस्थिति ट्रॉफी से लायन चंद्रप्रकाश खत्री, सुनील रंजन टकणेत और रामचंद्र राजोतिया को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान राजगढिया एम्पोरियम द्वारा प्रायोजित क्लब डायरेक्टरी का विमोचन किया। रीजन चैयरमेन डॉ. एन.एस. नरुका और प्रांतीय सचिव लायन बालकिशन राजगढिया ने क्लब की एकजुटता और अनुशासन की सराहना की। सह प्रांतपाल प्रथम डॉ. आशुतोष वशिष्ठ ने कहा कि लायंस क्लब चूरू ने अपनी परंपराओं को कायम रखते हुए सेवा के नए आयाम स्थापित किए।

सह प्रान्तपाल द्वितीय लायन आर.एस. मदान ने सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही लायनवाद का मूल मंत्र है और चूरू क्लब इसे चरितार्थ कर रहा है।

मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रांतपाल श्रवण केजरीवाल ने क्लब के 7 नए सदस्यों शंकरलाल सैनी, कमल जांगिड़, रघुवीरसिंह गुरावा, महेश हारित, राकेश सैनी, डॉ. विनोद भार्गव, मोहम्मद अल्ताफ को सेवा और निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि प्रान्तपाल लायन सुधीर वाजपेयी ने क्लब की गतिविधियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

मझाऊ गांव का राजवीर मूंड सेना में लेफ्टिनेंट बना

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के युवा ना केवल सैनिक बनक, बल्कि सैनिक से भी आगे बढ़कर देश सेवा करने के लिए जज्बा रखते है।

भारतीय सेना में 14 साल तक सैनिक रू